पंजाब केसरी 21/09/2024

अम्बाला शहर के हर्बल पार्क में लघु नाटिका के माध्यम से लोगों को मतदान के लिए प्रेरित करने पहुंचे जी.एम.एन. कॉलेज के विद्यार्थी। (संजय)

जी.एम.एन. कॉलेज के विद्यार्थियों ने लघु नाटिका के माध्यम से की मतदान की अपील

अम्बाला, 20 सितम्बर (बलराम): छावनी स्थित गांधी मैमोरियल नैशनल कॉलेज की स्वीप कमेटी द्वारा छेड़े गए चुनाव जागरुकता अभियान के तहत अम्बाला शहर के हर्बल पार्क में विद्यार्थियों ने लघु नाटिका के माध्यम से लोगों से मतदान की अपील की।

कॉलेज प्राचार्य डा. रोहित दत्त तथा स्वीप अध्यक्षा डा. सीमा कंसल के नेतृत्व में विद्यार्थियों ने सक्रिय रूप से हर्बल पार्क में आगामी चुनावों को देखते हुए मतदाता जागरुकता कार्यक्रम का आयोजन किया। नाटक के माध्यम से उपस्थित आम जनमानस को मतदान के महत्व के बारे में समझाया गया। नाटक देखने के लिए भारी तादाद में लोगों की भीड़ इकट्ठा हो गई। अभियान में डा. कृष्ण कुमार पुनिया, डा. रितु गुप्ता, डा. नियति एवं प्रियंका ने सक्रिय भूमिका निभाई।